## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंचायत निर्वाचन 2024-25 : आरक्षण कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, रायपुर द्वारा जारी परिपालन में पंचायत निर्वाचन 2024-25 आरक्षण कार्यवाही संबंधी आम सूचना जारी किया गया था। उक्त जारी समय-सारणी को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन हेतु एक दिवसीय कैम्प 19 को

#### ऑनलाईन आवेदन करने में असमर्थ कारोबारी कैम्प के माध्यम से करा सकते है पंजीयन

**रायगढ़।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा समस्त खाद्य थोक, फुटकर, वितरक, विनिर्माता, ठेलों, गुमटी इत्यादि खाद्य कारोबारकर्ताओं के खाद्य पंजीयन/अनुज्ञप्ति की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुये रायगढ़ जिला में 19 दिसम्बर 2024 को कार्यालय उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भगवानपुर जिन्दल रोड, रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 4 बजे तक एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त कैम्प में ऐसे समस्त छोटे/बड़े खाद्य कारोबारी जो पर्याप्त जानकारी के अभाव में खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने में असमर्थ हैं उनको कैम्प की सहायता से अनुज्ञप्ति/पंजीयन बनवाने में पूरी सहायता की जाएगी। जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज के तहत पहचान पत्र की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज की एक फोटो एवं संबंधित फर्म का एड्रेस प्रूफ जरूरी है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला 20 दिसम्बर को

**रायगढ़।** जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 20 दिसम्बर 2024 को शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय पंजरी प्लांट, रायगढ़ में किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा एवं योग चिकित्सा द्वारा नि:शुल्क उपचार एवं प्रकृति परीक्षण कर औषधि वितरण किया जाएगा। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी ने जनसामान्य को शिविर में अधिक से अधिक उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ उठाने हेतु अपील की है।

### गिरौधपुरी मेला में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के लिए एडवाइजरी जारी

**गिरौधपुरी-रायपुर (आरएनएस)।** मडवा चौक से आने वाले समस्त वाहन मेन गेट के पहले 1. तिराहा के पास और हेलीपैड के पास पार्किंग करेंगे। 2. महकोनी जाने वाले हेलीपैड से होती हुई जैतखाम के पीछे से होकर जा सकते हैं। 3. छाता पहाड़ जाने वाले छाता पहाड़ तिराहा, जोक नदी, अर्जुनी बैरियर होते हुए महाराजी, पुराना रेस्ट हाउस के पास ट्रैक्टर, बस और पिकअप वाहन पार्किंग करेंगे। 4. छाता पहाड़ जाने के लिए चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल छाता पहाड़ के पास पार्किंग में वाहन पार्किंग कर दर्शन के लिए पैदल जाएंगे। 5. समस्त शासकीय वाहनों की पार्किंग पुलिस चौकी के पीछे पार्किंग स्थल में होगी। 6. समस्त वाहन चालक निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्किंग करना सुनिश्चित करें अनावश्यक रोड के ऊपर कोई भी वाहन को खड़ी नहीं करेंगे।

### कानूनगो अधिकारी 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**पिथौरा-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में आज महासमुंद जिले में तहसील कार्यालय में छापा मारा. इस दौरान कानूनगो अधिकारी को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. यह पूरा मामला पिथौरा तहसील कार्यालय का है. इस कार्रवाई से तहसील कार्यालय समेत प्रशासनिक हलकों में हडक़ंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता राजू चौहान की शिकायत पर एसीबी की टीम ने कार्रवाई की है. शिकायत में कानूनगो अधिकारी माईकल पीटर द्वारा काम के बदले रिश्वत मांगने की बात कही गई थी. पुख्ता जानकारी मिलने के बाद टीम ने पिथौरा तहसील कार्यालय में छापा मारा और माईकल पीटर को रिश्वत की रकम के साथ पकड़ लिया. एसीबी के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं और रिश्वरखोर अधिकारी से पूछताछ की जा रही है।

# आयुष्मान वय वंदन योजना में 70 वर्ष से अधिक के हितग्राहियों के कार्ड बनाने में लाएं तेजी -कलेक्टर गोयल

- 19 से 24 दिसंबर तक जिले में मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह, कलेक्टर गोयल ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश
- जल जीवन मिशन में टंकियों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता, विभागीय अधिकारी करें नियमित मॉनिटरिंग
- ठंड से बचाव के लिए अलाव जलवाने के निर्देश
- कलेक्टर गोयल ने की समय-सीमा की बैठक



**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर गोयल ने बैठक में आयुष्मान वय वंदन योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राहियों का कार्ड निर्माण/अपडेशन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस योजना से 70 वर्ष या अधिक उम्र के हर हितग्राही को 5 लाख तक उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने ब्लॉकवार हितग्राहियों की सूची तैयार कर कार्ड निर्माण में तेजी लाने और लोगों के बीच इसका समुचित प्रचार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा। रायगढ़ शहर में जिला अस्पताल के साथ यह कार्ड निर्माण के लिए एक अन्य सेंटर शुरू करें। साथ ही गार्डन, पार्क्स इत्यादि भीड़ वाले स्थानों में भी कैंप लगाएं। जिससे जिले के हितग्राहियों के कार्ड निर्माण का काम शीघ्र पूरा किया जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर गोयल ने ब्लड डोनेशन कैंप के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कैंप से एकत्र होने ब्लड यूनिट मरीजों को नि:शुल्क वितरित किया जाना होता है। इस बात का विशेष खयाल रखा जाए।

कलेक्टर गोयल ने धान खरीदी केंद्रों समुचित सुविधाओं के साथ धान को बारिश से सुरक्षित रखने कैप कवर से ढकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिया। अधिकारियों को भौतिक सत्यापन के दौरान इसकी जांच के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने मनरेगा के तहत पूर्व में स्वीकृत कार्यों की पूर्णता और लंबित होने के संबंध में विभागों से जानकारी ली। स्वीकृति प्राप्त कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने केसीसी निर्माण के बारे में भी विभागीय प्रगति की जानकारी ली। घरघोड़ा और लैलूंगा में कृषि विभाग द्वारा पिछले सप्ताह के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर गोयल ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ देने केसीसी निर्माण का काम पूरी गंभीरता से सभी संबंधित विभागों द्वारा किया जाए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने टीएल बैठक में कलेक्टर सीएम जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की।

कलेक्टर गोयल द्वारा जल जीवन मिशन के तहत टंकियों के निर्माण के बारे में समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि अभी जल जीवन मिशन के तहत टंकियों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभागीय अधिकारी जहां काम चल रहा है उसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग करें। जिससे हर हफ्ते लक्षित प्रगति के अनुसार काम होना चाहिए। टंकियों का काम जितनी जल्द पूरा होगा उतनी जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार काम में लापरवाही कर रहे हैं उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। कलेक्टर गोयल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत जिले में चयनित ग्राम में योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, प्रभारी अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**19 से 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह-** कलेक्टर गोयल ने बताया कि केंद्र सरकार के कार्यक्रम के तहत जिले में आगामी 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत सभी विभागों द्वारा जमीनी स्तर तक शासकीय योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने शिविरों और आउटरीच कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए।

**अपार आईडी निर्माण की हुई समीक्षा-** बैठक में कलेक्टर गोयल ने अपार आईडी कार्ड निर्माण की भी समीक्षा की। उन्होंने धरमजयगढ़ और रायगढ़ ब्लॉक में अच्छी प्रगति के लिए सराहना की। साथ हो घरघोड़ा में प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने अपार आईडी बनाने में बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में सभी एसडीएम और तहसीलदारों को आवश्यक समन्वय करने के निर्देश दिए।

**ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था के दिए निर्देश-** कलेक्टर गोयल ने ठंड से बचाव के लिए नगर निगम को नियमित रूप से अलाव जलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लोगों के रुकने के लिए रैन बसेरे में इंतेजाम करने के लिए नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया।

## कोतवाली पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार के बैग से मिला 22.5 लाख रुपए कैश

- नकदी जब्त कर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई



**रायगढ़**

कोतवाली पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान इंदिरा नगर में एक मोटरसाइकिल (प्लैटिना, नंबर CG 13 M 5796) पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनके पास से 22,50,000 रुपये नकद बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार आज शाम पेट्रोलिंग दौरान कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर इंदिरा नगर में एक प्लैटिना बाइक सीजी 13 एम 5796 में दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोक कर जांच की गई। मोटरसाइकिल चालक अपना नाम गजानंद राव कातोरे पिता अभिमन्यु राव 55 साल निवासी रेलवे बंगलापारा रायगढ़ बताया तथा पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम गजेश देवांगन पिता मृत्युंजय देवांगन उम्र 39 साल निवासी इंदिरा नगर रायगढ़ का रहने वाला बताया। गजानंद राव के पास रखे बैग के अंदर रु.500- रु.500 के 45 बंडल नोट (प्रत्येक बंडल रु.50000) कुल रु.22,50,000 मिला। नगद रूपयों के संबंध में दोनों से पूछताछ करने पर कोई उपर्युक्त जवाब नहीं दिए, पेट्रोलिंग टीम द्वारा गजानंद राव और गजेश देवांगन को मय रकम थाना लाया गया। जप्त रकम के संबंध में थाना कोतवाली में धारा 106 BNSS के तहत कार्यवाही की जा रही है। जप्त नकदी के संबंध में आयकर विभाग को भी सूचित किया गया है।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर सतत पेट्रोलिंग कर संदिग्धों की जांच जारी है। उक्त कार्रवाई में नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल, एसआई ऐनु देवांगन, आरक्षक कमलेश यादव, मनोज पटनायक और रोशन एक्का शामिल थे।

## 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों में लगाया जाएगा हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट

**रायगढ़**




छ.ग.राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने के संबंध में परिवहन विभाग एवं निजी कंपनी के मध्य अनुबंध निष्पादन की कार्यवाही गई है। संबंधित कंपनी द्वारा रायगढ़ जिला अंतर्गत आरटीओ कोड सीजी 13 में हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह इस्टालेशन की कार्यवाही किए जाने हेतु निविदा प्राप्त हुई है। जिसके लिए वाहन के प्रकार अनुसार निर्धारित शुल्क तय किया गया है। उक्त शुल्क राशि का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से वेंडर को किया जाएगा।

जिला परिवहन अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिनमें ऑटोमोबाइल डीलरों द्वारा छ.ग.राज्य 01.04.2019 के पूर्व पंजीकृत मोटर वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट (आवश्यक तीसरी पंजीकरण प्लेट सहित)प्रत्येक इस्टालेशन हेतु 100 रुपये अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा। घर पहुंच सेवा हेतु अतिरिक्त राशि देय होगा। 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों के लिए वाहन स्वामी को हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। सभी ऑटो मोबाइल डीलर अपने परिसर में मौजूदा वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने की सुविधा प्रदान करेंगे। हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट हेतु 120 दिन यानि 19 मार्च 2025 के भीतर जल्द से जल्द केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम/ नियम में दिए गए नियमानुसार सभी वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने की कार्यवाही की जाए, ताकि पेनाल्टी से बचा जा सके। हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट के संबंध में छ.ग.परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं होने पर मोटरयान अधिनियम एवं नियमों में विहित प्रावधान अनुसार जुर्माना किया जाएगा। वाहनों पर हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाने एवं अन्य कार्यवाही हेतु वेबसाईट https://cgtransport.gov.in पर लॉगिन किया जा सकेगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## लोईंग के स्वास्थ्य शिविर में 409 लोग हुए लाभान्वित

- जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान
- 46 बार रक्तदान करने वाले 58 वर्षीय प्रफुल्ल देशमुख हुए सम्मानित



**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ीकरण के लिये आज रायगढ़ विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य मितानिन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आये हुए मरीजों का चिकित्सक/कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य मितानिन सम्मेलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दवा वितरण, लैब जांच, ब्लड डोनेशन-12, एन.सी.डी. के अंतर्गत रक्तचाप-107, मधुमेह जाँच-107, आयुष्मान कार्ड-04, सिकलसेल जांच-125, हीमोग्लोबिन जांच-125, स्त्री रोग-18, शिशुरोग-101, चिरायु विभाग- 79, नेत्र जांच-63, दांत की जांच-66, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग-08, ओरल कैंसर-107, पुरूष-99, महिला- 133, वयोवृद्ध- 53,बच्चे/दिव्यांग- 124 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु जांच किया गया। शिविर में कुल पंजीकृत 409 लाभान्वित हुए। उक्त शिविर में जिला टीकाकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.हितेश जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, विकासखंड प्रबंधक वैभव डियोडिया एवं लोईंग के अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति रही।

शासकीय किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय में गत दिवस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल सर्जन डॉ दिनेश पटेल, डीपीएम रंजना पैंकरा, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम पीडी बस्तियां एवं चेयरमैन रेडक्रॉस सोसायटी मुकेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। आयोजित रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। जिसमें शहरी क्षेत्र की मितानिन भी शामिल रही। रक्तदान शिविर मे जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ.एच.एस.उरांव ने कहा कि रक्तदान एक मानवता की सेवा है, इसलिए दूसरों की मदद करने के लिये रक्तदान करना जरूरी है। उन्होंने जनसामान्य से रक्तदान की अपील भी की। शिविर के माध्यम से रक्तदान की महत्व को बताने के साथ ही सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का प्रयास भी किया गया।

**58 वर्षीय प्रफुल्ल देशमुख हुए सम्मानित**

ग्राम अडभार निवासी 58 वर्षीय प्रफुल्ल देशमुख को सम्मानित किया गया। देशमुख ने अब तक 46 बार रक्तदान करके एक मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया कि उनका ए नेगेटिव ब्लड ग्रुप है, जो बहुत कठिनाई से मिलता है। उन्होंने युवाओ से रक्तदान के माध्यम से समाज सेवा करने एवं नशे से दूर रहने की अपील की।

## प्रशासन गांव की ओर थीम के साथ 19 से 24 दिसंबर तक जिले में चलेगा सुशासन सप्ताह

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश




**रायगढ़**

रायगढ़ जिले में आगामी 19 से 24 दिसंबर 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष का सुशासन सप्ताह 'प्रशासन गांव की ओर' थीम के साथ मनाया जाएगा।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सुशासन सप्ताह के आयोजन के संबंध जिला अधिकारियों को आज आयोजित बैठक में दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सुलभ प्रशासनिक पहुंच सुनिश्चित करना। उन्हें शासन की सभी योजनाओं के बारे में समुचित जानकारी देने के साथ इन योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्या निवारण के लिए आयोजित शिविरों के साथ विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का पूरी प्राथमिकता के साथ निराकरण पर जोर देने की बात कही।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, प्रभारी अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायगढ़ पुलिस ने ट्रेलर चोरी मामले में रायपुर से 04 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 30 लाख की बरामदगी

- कोतरारोड़ पुलिस ने उरला पुलिस के साथ साझा कार्रवाई में अवैध ट्रेलर कटिंग यार्ड में मारा छापा
- चोरी ट्रेलर के पुर्जे, वाहन कटिंग के उपकरण बरामद
- आरोपियों पर चोरी और संगठित अपराध की धाराओं पर कार्रवाई कर भेजा जेल



**रायगढ़**

जिले के थाना कोतरारोड़ क्षेत्र में हुई ट्रेलर चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इन आरोपियों को रायपुर से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया, जहां उनसे चोरी गए ट्रेलर के पुर्जे और कटिंग में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं।

**घटना का विवरण:**

चोरी की शिकायत 9 दिसंबर को ग्राम खैरपुर छिंदटिकरा निवासी महबूब खान (35 वर्ष) ने थाना कोतरारोड़ में दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनका ट्रेलर (वाहन क्रमांक CG 11 AB 1587) ड्राइवर की बीमारी के कारण सारथी पेट्रोल पंप के पास खड़ा था। 6 दिसंबर की रात ट्रेलर वहीं पर था, लेकिन अगली सुबह चोरी हो गया।

थाना कोतरारोड़ में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 500/24 के तहत धारा 303(2) BNS (चोरी) दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई।

**जांच और कार्रवाई:**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी और उनकी टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और ट्रेलर की गतिविधियों का पता लगाया। प्रारंभिक जांच में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा घटनास्थल से लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों के रूट का निर्धारण कर जीपीएस ट्रेकिंग कर प्रयास किया गया तथा मुखबीरों को सक्रिय कर सरहदी जिलों की पुलिस को भी सूचित किया गया। इस दौरान थाना उरला (रायपुर) पुलिस को मौदहापारा निवासी शेख हमीद के यार्ड में ट्रेलर की अवैध कटिंग की जानकारी मिली।

**संयुक्त कार्रवाई:**

कोतरारोड़ और उरला पुलिस ने मिलकर योजना बनाई। पुलिस टीम ग्राहक बनकर यार्ड संचालक शेख हमीद से मिली और फिर उरला के सोनडोंगरी क्षेत्र में स्थित यार्ड में छापा मारा। यार्ड में चोरी वाहन क्रमांक CG 11 AB 1587 से जुड़े उपकरण बरामद किए। यार्ड का सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपी शेख हमीद से पूछताछ किया गया जिसने ट्रेलर को राशीद खान चोरी करना तथा गाजी खान के माध्यम से यार्ड में रखना बताया और चोरी ट्रेलर के डाला को अब्दुल रफीक उर्फ लाला खान को आगे बेचना बताया।

आरोपी गाजी खान ने अपराध स्वीकार किया जो यार्ड संचालक के पास चोरी माल को ठिकाने लगाना और आगे बेचने में सहयोग करता था, जिसका जिला दुर्ग में रायपुर में आपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपियों द्वारा समूह में अपराध कारित करना पाये जाने पर संगठित अपराध की धारा 238, 317(4),324(5),111(5),3(5) बीएनएस जोड़ा गया।

आरोपी अब्दुल रफीक उर्फ लाला खान ने चोरी ट्रेलर डाला को आरोपी फिरोज उर्फ राजा खान के साथ मिलकर राजा खान के ट्रक CG 04 J 3697 में राजा खान के यार्ड में छिपाना बताये जिसकी बरामदगी की गई। आरोपी राशिद खान फरार है।

**गिरफ्तार आरोपी:**

1. शेख हमीद उर्फ गुड्डू खान (52 वर्ष) – मौदहापारा, रायपुर।
2. गाजी खान (44 वर्ष) – फुलचौक, नयापारा, रायपुर।
3. अब्दुल रफीक उर्फ लाला खान (50 वर्ष) – मौदहापारा, रायपुर।
4. फिरोज उर्फ राजा खान (41 वर्ष) – डी.एम. टॉवर, खमतराई, रायपुर।

**बरामद सामग्री:**

आरोपियों के पास से चोरी वाहन क्रमांक CG 11 AB 1587 से जुड़े पुर्जे, डाला, ट्रेलर कटिंग में इस्तेमाल उपकरण, चोरी में प्रयुक्त ट्रक CG 04 J 3697, डीवीआर आदि कुल कीमत 30 लाख रूपए का सामान जब्त किए गए हैं।

**टीम की भूमिका:**

डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन में इस कार्रवाई में थाना कोतरारोड़ के निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्र.आर. करुणेश राय, चंद्रेश पांडेय, राजेश खांडे, टिकेश्वर यादव, और थाना उरला के उनि तेजराम कंवर, आरक्षक दीपक सिंह, सत्येंद्र प्रधान, और नरेश प्रधान की अहम भूमिका और साइबर सेल का विशेष योगदान रहा।

रायगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई ने जिले में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक मजबूत संदेश दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480